# Pre Board Examination- 2019-20
## Hindi ($2^{nd}$ Language)
## Class – 10

Max. Marks: 80
Time Allowed: 3 Hours

निर्देश : (1) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं – क, ख, ग और घ।
(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

### खण्ड-क (अपठित बोध) 10

1

हम अपने कार्यों को देश के अनुकूल होने की कसौटी पर कसकर चलने की आदत डालें, यह बहुत उचित है, बहुत सुंदर है, पर हम इसमें तब तक सफल नहीं हो सकते, जब तक कि हम अपने देश की भीतरी दशा को ठीक-ठीक न समझ लें और उसे हमेशा अपने सामने न रखें। हमारे देश को दो बातों की सबसे ज़्यादा ज़रूरत है।
एक शक्ति-बोध और दूसरा सौंदर्य-बोध! बस, हम यह समझ लें कि हमारा कोई भी काम ऐसा न हो जो देश में कमज़ोरी की भावना को बल दे। ''ज़रा अपनी बात को और स्पष्ट कर दीजिए।'' यह आपकी राय है और मैं इससे बहुत खुश हूँ कि आप मुझसे यह स्पष्टता माँग रहे हैं। क्या आप चलती रेलों में, क्लबों में,चौपालों पर और मोटर-बसों में कभी ऐसी चर्चा नहीं करते हैं कि हमारे देश में यह नहीं हो रहा है, वह नहीं हो रहा है और यह गड़बड़ है, वह परेशानी है? साथ ही क्या इन स्थानों में या इसी तरह के दूसरे स्थानों में आप कभी अपने देश के साथ दूसरे देशों की तुलना करते हैं और इस तुलना में अपने देश को हीन और दूसरे देशों को श्रेष्ठ सिद्ध करते हैं? यदि इन प्रश्नों का उत्तर 'हाँ' है,तो आप देश के शक्ति-बोध को भयंकर चोट पहुँचा रहे हैं और आपके हाथों देश के सामूहिक मानसिक बल का ह्रास हो रहा है। अच्छा, आप इस तरह की चर्चा नहीं करते, तो मैं अपसे दूसरा प्रश्न पूछता हूँ। क्या आप केला खाकर छिलका रास्ते पर फेंकते हैं? अपने घर का कूड़ा बाहर फेंकते हैं? मुँह से गंदे शब्दों में गंदे भाव प्रकट करते हैं? अपना घर, गली, ऑफिस गंदा रखते हैं? निमंत्रित होने पर समय से लेट पहुँचते हैं और इसी तरह किसी भी रूप में क्या सुरुचि और सौंदर्य को आपके किसी काम से ठेस लगती है? यदि उत्तर 'हाँ' है, तो आपके द्‌वारा देश के सौंदर्य-बोध को भयंकर आघात लग रहा है और आपके द्‌वारा देश की संस्कृति को गहरी चोट पहुँच रही है।''क्या कोई ऐसी कसौटी भी बनाई जा सकती है, जिससे देश के नागरिकों को आधार बनाकर देश की उच्चता और हीनता को हम तौल सकें ?''तो उत्तर है कि इस उच्चता और हीनता की कसौटी है, चुनाव ! जिस देश के नागरिक यह समझते हैं कि चुनाव में किसे अपना मत देना चाहिए और किसे नहीं, वह देश उच्च है और जहाँ के नागरिक यह नहीं समझते हैं और जाति, धर्म, भाषा को आधार बनाकर मत देते हैं, वह देश हीन है।

क. व्यक्ति अपने देश के शक्ति-बोध को किस प्रकार चोट पहुँचाता है ? 2

ख. हम देश के सौंदर्य-बोध को किस प्रकार आघात पहुँचाते हैं ? 2

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ग. हम कैसे जान सकते हैं कि कोई देश उच्च है या हीन ?<br>घ. देश की उच्चता और हीनता को हम किस कसौटी पर तौल सकते है।<br>ङ. उपर्युक्त गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए। | 2<br>2<br>2 |
| | | **खण्ड – ख** | 16 |
| | 2 | शब्द और पद का अंतर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । | 1 |
| | 3 | निर्देशानुसार वाक्य बदलिए –<br><br>क. उसके घर से निकलते ही आँधी आ गई। (मिश्र वाक्य में बदलिए )<br>ख. सुमित ने जो पुस्तक माँगी थी, वह उसे मिल गई। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>ग. मैं पुस्तकालय जाता हूँ और विज्ञान की पुस्तक पढ़ता हूँ। (सरल वाक्य में बदलिए) | 3 |
| | 4 | निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए–<br><br>क. बीमार को शुद्ध भैंस का दूध पिलाइए।<br>ख. वह सीट मात्र महिलाओं के लिए आरक्षित है।<br>ग. प्रधानाचार्य आपको बुलाए हैं।<br>घ. तुम शांति से तुम्हारा काम करो। | 4 |
| | 5 | क. समास विग्रह करके भेद बताइए–<br><br>रात–दिन, चौरंगा<br><br>ख. समस्त–पद लिखिए और भेद बताइए –<br><br>विद्या रूपी धन, कायर है जो पुरुष | 2<br><br><br><br>2 |
| | 6 | रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे द्वारा कीजिए–<br><br>क. मैंने पूरे साल ---------------- तभी फस्ट डिविज़न परिणाम आया ।<br>ख. पहले तो उसने बहुत अच्छी बातें की लेकिन अब उसने अपना ------------- है।<br>ग. पिता जब खिलौने नहीं लाया तो बच्चे ने रो रोकर --------------- लिया।<br>घ. चोर पुलिस वाले की ------------------ भाग गया। | 4 |
| | | **खण्ड – ग** | 28 |
| | | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– | |
| | 7. a | बड़े भाई को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 7. b | आदर्शवादी और व्यवहारवादी लोगों में क्या अंतर होता है? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |
| 7. c | वज़ीर अली के जन्म को सआदत अली ने अपनी मौत क्यों करार किया? | 2 |
| 8 | ''नेचर के गुस्से का नमूना कुछ साल पहले बंबई में देखने को मिला था।''–'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने यह बात किस संदर्भ में कही है ?<br>अथवा<br>'बस आस की एक किरण थी, जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी'।– 'तताँरा-वामीरो कथा' के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | 5 |
| | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– | |
| 9. a | मीरा ने अपनी पीड़ा को दूर करने के लिए हरि को कौन-कौन से उदाहरण दिए हैं? | 2 |
| 9. b | 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबको एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है ? | 2 |
| 9. c | 'तोप' कविता के माध्यम से आपको क्या सीख मिलती है? | 2 |
| 10 | 'आत्मत्राण' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।<br>अथवा<br>सहस्र दृग सुमन से क्या तात्पर्य है? कवि ने इस पद का प्रयोग क्यों किया होगा? 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए। | 5 |
| 11. a | लेखक के अनुसार बचपन में स्कूल खुशी से भागे जाने की जगह न लगने पर भी कब और क्यों उन्हें स्कूल जाना अच्छा लगने लगा? 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए? | 3 |
| 11. b | 'अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं'– कैसे? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | 3 |
| | **खण्ड – घ** | 26 |
| 12 | किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए– | 6 |
| | प्रगति की दिशा में एक और कदम– मेक इन इंडिया कार्यक्रम<br>• कार्यक्रम क्या है? | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • प्रधानमंत्री की लोगों से क्या अपेक्षाएँ?<br>• देश को होने वाले लाभ | |
| | | अथवा | |
| | | भारत का किसान<br><br>• भारत गाँवो का देश<br>• कष्टों से भरा किसान का जीवन<br>• किसानों की दशा को सुधारने के तरीके | |
| | 13 | शहर में बढ़ती नारी असुरक्षा के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए एक दैनिक समचार-पत्र 'हिदुस्तान' के संपादक को पत्र लिखिए।<br>अथवा<br><br>पेड़ पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए अपने क्षेत्र के ज़िलाधिकारी को पत्र लिखिए। | 5 |
| | 14 | विद्यालय में एक कवि-सम्मेलन का आयोजन किया जानेवाला है। छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित करते हुए विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव की ओर से लगभग **30** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।<br>अथवा<br><br>आपकी कॉलानी में अपोलो अस्पताल की ओर से मुफ़्त नेत्र-परिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। कॉलानी के सभी निवासियों के लिए वेलफ़ेयर सोसाइटी के सचिव की ओर से लगभग **30** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। | 5 |
| | 15 | मकान मालिक और किराएदार के बीच होनेवाले संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए।<br>अथवा<br>'ग्लोबल-वार्मिंग' पर चिंता व्यक्त करते हुए दो मित्रों के बीच होनेवाले संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |
| | 16 | अपने पुराने मकान की बिक्री के लिए 25-30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>अथवा<br><br>हल्दीराम भुजिया के लिए 25-30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | 5 |
| | | ******************* | |